दैनिक
जनता की आवाज
# मीडिया फॉर यू
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
मंगलवार 05 नम्बर 2024
वर्ष: 09, अंक: 284
पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



चौधरी वीर सिंह ने बाइक... 4

# महाकुंभ 2025: पूरी होगी श्रद्धालुओं की मुराद, इसी माह पूर्ण होगा मंदिरों का कायाकल्प

- महाकुंभ को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने के लिए तेजी से काम कर रही योगी सरकार
- 15 नवंबर तक पूरा होगा ज्यादातर मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार का कार्य
- पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी और प्रयागराज विकास प्राधिकरण बेहतर तालमेल से पूरी कर रहे जिम्मेदारी

**प्रयागराज।** सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 में आस्था अपने चरम पर होगी। गंगा, यमुना और सरस्वती के मिलन वाले पावन स्थल संगम पर जहां लाखों, करोडों लोग स्नान कर अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे तो वहीं प्रयागराज के पौराणिक मंदिरों में शीश नवाकर अपनी यात्रा को सुखमय और संपूर्ण बनाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने महाकुंभ की तैयारियों के साथ-साथ प्रयागराज के मंदिरों के कायाकल्प का भी बीड़ा उठाया है जो अब समापन के करीब पहुंच गया है। पौराणिक महत्ता वाले प्रयागराज के तमाम मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार का कार्य लगभग खत्म होने वाला है। ऐसी कुल 19 परियोजनाओं में से 17 परियोजनाएं 15 नवंबर तक पूर्ण कर ली जाएंगी, जबकि 2 परियोजनाएं 30 नवंबर तक हो जाएंगी पूर्ण हो जाएंगी।



दीपावली के बाद इसमें और तेजी से कार्य किया जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा महाकुंभ की समीक्षा बैठक में इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताया गया कि मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार से संबंधित परियोजनाओं में तीन प्रमुख विभाग कार्य कर रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये तीनों ही विभाग आपसी समन्वय से इन सभी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने में जुट गए हैं।

> *महाकुंभ की तैयारियां पूरी गति से आगे बढ़ रही हैं। मंदिरों के कॉरिडोर और जीर्णोद्धार का कार्य भी अंतिम चरण में चल रहा है। मेला प्रशासन ने महाकुंभ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आस्था के साथ ही सुविधा पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि उनकी यात्रा यादगार साबित हो।*
> **...विवेक चतुर्वेदी, अपर मेलाधिकारी, महाकुंभ**

मंदिर कॉरिडोर और जीर्णोद्धार से संबंधित कुल 15 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिस पर पर्यटन विभाग काम कर रहा है। पर्यटन विभाग के अनुसार, 15 में से 14 परियोजनाएं 15 नवंबर तक पूर्ण कर ली जाएंगी, जबकि एक परियोजना 30 नवंबर तक पूर्ण होगी। 15 नवंबर तक पूर्ण होने वाली परियोजनाओं में भरद्वाज कॉरिडोर, मनकामनेश्वर मंदिर कॉरिडोर समेत द्वादश माधव मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर और 9 अन्य मंदिरों का जीर्णोद्धार शामिल है।

इसी तरह, स्मार्ट सिटी 3 प्रमुख परियोजनाओं पर काम कर रहा है और तीनों ही परियोजनाएं 15 नवंबर पूर्ण हो जाएंगी। इसमें अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर और पातालपुरी कॉरिडोर जैसी प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं, प्रयागराज विकास प्राधिकरण दो परियोजनाओं को मूर्त रूप दे रहा है। इसमें नागवासुकी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य 30 नवंबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है तो वहीं हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य 10 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मंगलवार को झारखंड में तीन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व सहयोगी दलों के लिए मांगेंगे वोट

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए होगी। भाजपा ने यहां से रोशन लाल चौधरी को टिकट दिया है। सीएम योगी की तीसरी जनसभा आमबागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमेशदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगकर कमल पर बटन दबाने की अपील करेंगे।

### दिल्ली में पटाखा बैन के बाद भी आतिशबाजी पर सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार



**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली के बाद प्रदूषण में वृद्धि पर दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध शायद ही लागू किया गया था। शीर्ष अदालत ने आप सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर इस साल प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ अगले साल प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित कदम बताने का निर्देश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, दिवाली (1 नवंबर) के बाद सुबह दिल्ली को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर का टैग मिला। दिल्ली के कई हिस्सों में हवा की गुणवत्ता गंभीर स्तर को पार कर गई, क्योंकि पीएम2.5 की सांद्रता का स्तर बढ़ गया, जिससे श्वसन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थिति पैदा हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस साल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जो पिछले दो सालों से कहीं ज्यादा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है जिसमें दिल्ली में पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने के लिए पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख हो। इसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवाली के आसपास पराली जलाने के मामले भी बढ़ रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को अक्टूबर के आखिरी दस दिनों के दौरान पराली जलाने की घटनाओं की संख्या का विवरण दशार्ते हुए हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार से यह भी बताने को कहा गया है कि क्या इसी अवधि के दौरान दिल्ली की सीमा के भीतर खेतों में आग लगने की घटनाएं हुईं।

### संजय सिंह को हिंद मजदूर सभा का बनाया गया अध्यक्ष

**मीडिया फॉर यू**



विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश संबंध हिंद मजदूर सभा के जोन कमेटी अयोध्या का कार्यवाहक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है । संजय कुमार सिंह ग्राम गुजरा मऊ पोस्ट बसावा अयोध्या के निवासी हैं । संजय सिंह को सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है । संजय सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष अयोध्या के रूप में कार्य करेंगे और विभाग के द्वारा प्रदत्त समस्त अधिकार भी उन्हें प्राप्त किया गया है । यह जानकारी रघुवंश मिश्रा प्रांतीय उप मंत्री ने दी ।

## योगी सरकार ने तैयार की उत्तर प्रदेश में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की नीति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी मंत्रीपरिषद् ने सोमवार को राज्य में पशुपालन और परापशुचिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के लिए नीति तैयार करने का फैसला लिया है। यह पहल ग्रामीण इलाकों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने और पशु चिकित्सा विज्ञान में प्रशिक्षित पैरावेट्स की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नई नीति के तहत राज्य में निजी संग सरकारी संस्थानों में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जा सकेंगे, जिससे पैरावेट्स को जरूरी प्रशिक्षण और कौशल विकास में सहायता मिलेगी।



प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को लोकभवन में इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पैरावेट्स की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पशु चिकित्सकों की संख्या सीमित है। पूरे देश में लगभग 34,500 पशु चिकित्सक हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में मात्र 8,193 पशु चिकित्सक ही उपलब्ध हैं। इस कमी के कारण पैरावेट्स को कई बार टीकाकरण, घावों की पट्टी, प्राथमिक उपचार और देखभाल जैसे कार्यों में पशु चिकित्सकों के पर्यवेक्षण में सहायक भूमिका निभानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पैरावेट्स को पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तैयार किया जाता है, लेकिन संसाधनों की कमी और अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण वे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

पशुधन मंत्री ने बताया कि बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पैरावेट्स के प्रशिक्षण और कौशल में वृद्धि की आवश्यकता को देखते हुए योगी सरकार ने डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इस नीति के तहत पैरावेट्स को टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, घावों की देखभाल और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के अन्य आवश्यक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कदम पशुपालन और परापशुचिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा और पैरावेट्स को पेशेवर रूप से सशक्त बनाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में पशुपालन के क्षेत्र में कार्यरत मुख्य संस्थान पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा है। इसके अलावा, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज और सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ भी पशु चिकित्सा महाविद्यालय संचालित कर रहे हैं। अब इन विश्वविद्यालयों द्वारा निजी महाविद्यालयों को सम्बद्धता प्रदान करने के मानक तय किए जाएंगे, जिससे निजी क्षेत्रों में भी पशुपालन और परापशुचिकित्सा के पाठ्यक्रम संचालित हो सकें। योगी सरकार ने नीति तैयार करने के लिए पशुधन विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति ने विस्तृत अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसके आधार पर राज्य में परापशुचिकित्सा और पशुपालन से जुड़े कोर्स की नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत संस्थानों की सम्बद्धता, पाठ्यक्रमों की एकरूपता और मानक निर्धारण किया जाएगा।

## यूपी में विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए योगी सरकार की पहल, एफडीआई पॉलिसी में किया संशोधन

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सोमवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति 2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के माध्यम से योगी सरकार ने विदेशी निवेशकों को बड़ी राहत दी है। इसके माध्यम से अब ऐसी विदेशी कंपनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी जो इक्विटी के साथ-साथ लोन या किसी अन्य स्त्रोत से पैसों की व्यवस्था करती हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में विदेशी निवेश के बढ़ने की संभावना है।



योगी कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 1/11/2023 को फॉरेन डायरेक्टर इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की नीति आई थी, इसमें थोड़ा संशोधन किया गया है। नीति में अर्हता के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 100 करोड़ रुपए रखी गई है। आरबीआई द्वारा जो एफडीआई की परिभाषा दी गई है, उसके अनुसार अभी तक मात्र इक्विटी में किए गए निवेश को ही एफडीआई में सम्मिलित किया जाता है। नीति में जो संसोधन किया गया है उसमें हमने इसे फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक एफडीआई के तहत कंपनी के पास अपनी इक्विटी होती थी लेकिन ज्यादातर कंपनी अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बाहर से लोन के साथ ही दूसरे माध्यमों से भी पैसा मैनेज करती हैं। हमने उसको भी अलाऊ कर दिया है। यदि किसी कंपनी के पास इक्विटी केवल 10 प्रतिशत है और 90 प्रतिशत निवेश राशि की व्यवस्था दूसरे स्त्रोतों से कर रखी होगी तो हम उसको भी बेनिफिट प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि अब इस नीति को फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट एंड फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एंड फॉर्च्यून इंडिया 500 इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 कहा जाएगा। फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट के रूप में इक्विटी में निवेश करने वाली विदेशी कंपनी के लिए प्रिफरेंश शेयर, डिवेंचर्स, एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, स्टैंड बाई लैटर ऑफ क्रेडिट, लैटर्स ऑफ गारंटी व अन्य डेब्ट सिक्योरिटी को भी शामिल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य मोड जो आरबीआई के द्वारा फ्रेमवर्क ऑन एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, ट्रेड क्रेडिट, स्ट्रक्चर्ड ऑब्लीगेशंस के अंतर्गत किए गए 100 करोड़ के विदेशी निवेश की गणना के लिए अर्ह होंगे। विदेशी निवेशक कंपनी द्वारा की गई फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट राशि (जिसमें इक्विटी में न्यूनतम 10 प्रतिशत तथा शेष ऋण व अन्य इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से मिलाकर 100 करोड़ रुपए का निवेश) को इस नीति के अंतर्गत पात्र माना जाएगा तथा पूंजी निवेश की गणना में सम्मिलित किया जाएगा।

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवानिर्वत्ति के उपरांत ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है और उसने अपने पीछे कोई परिवार नहीं छोड़ा है और न ही कोई नॉमिनी बनाया है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पहले कि व्यवस्था में ऐसे व्यक्ति की ग्रेच्युटी की धनराशि सरकार को चली जाती थी।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल द्वारा एसीपी से मिलकर व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले लोगों की गिरफ्तार की मांग की

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** कल दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर का एक प्रतिनिधि मंडल मोदीनगर क्षेत्र के सहायक पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान प्रकाश राय से मिलने तहसील पहुंचा।

दिनांक 26.10.2024 को संयम छाबड़ा पुत्र श्री दीनबंधु छाबड़ा प्रतिष्ठान मै० नाथ स्वीट्स के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी दुकान के बाहर मारपीट की थी जिसकी फिर 27.10.2024 को दर्ज कर दी गई थी लेकिन एक सप्ताह के भीतर भी मोदीनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न होने के कारण व्यापारियों में काफी रोष है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यदि इन अज्ञात लोगों की जल्द ही गिरफ्तारी नहीं हुई तो अगले सप्ताह बाजार में धरना देकर बाजार बंद कराया जाएगा इस संदर्भ में श्री ज्ञान प्रकाश राय ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही अपराधियों की सेनाकत कर इन्हें जेल भेजा जाएगा।



व्यापार मंडल के मुख्य पदाधिकारी श्री पप्पन शर्मा, निर्दोष खटाना, राजकुमार खुराना, जगदीश मदान, आशीष कश्यप, राहुल गुर्जर, सुभाष चौधरी, दीपक चौधरी आदि व्यापारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

## 'एक केजीबीवी, एक खेल' योजना से 82,120 बालिकाओं को खेल में निपुण बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली 82,120 बालिकाओं की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास तेज कर दिया है। सरकार इस उद्देश्य को 'एक केजीबीवी, एक खेल' योजना लागू कर साकार करेगी।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में एक विशेष खेल का चयन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना से बालिकाएं खेल में निपुण होने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास भी प्राप्त करेंगी, जिससे वे समाज में एक सशक्त पहचान बना सकेंगी। उत्तर प्रदेश के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उभारने के उद्देश्य से 'एक केजीबीवी, एक खेल' योजना लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े और वंचित समुदायों की बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में विशेष कौशल प्रदान करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में एक विशेष खेल का चयन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को खेल विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रत्येक जनपद के दो केजीबीवी में आरंभ की जाएगी और सफल होने पर इसे अन्य विद्यालयों में भी विस्तार दिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है उद्देश्य इस योजना का मुख्य उद्देश्य केजीबीवी में अध्ययनरत 82,120 छात्राओं को खेलों में प्रशिक्षित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह योजना छात्राओं को न केवल खेल किट और आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद और राज्य स्तर पर चयनित करने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित करेगी।

प्रत्येक विद्यालय में एक खेल समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें वार्डन, व्यायाम शिक्षिका, खेल प्रभारी और दो खिलाड़ी छात्राएं होंगी। यह समिति छात्राओं की रुचि और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एक खेल का चयन करेगी। चयनित खेल में प्रशिक्षण देने के लिए योग्य महिला प्रशिक्षक नियुक्त की जाएगी। आवश्यकतानुसार, बाहरी खेल प्रशिक्षकों की सहायता भी ली जा सकेगी।

योजना के अंतर्गत, खेल गतिविधियों के संचालन के लिए एक निर्धारित समय सारिणी होगी, जिसमें प्रशिक्षक छात्राओं को खेल की बारीकियां सिखाएंगे। बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छात्राओं को आहार, पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मीडिया फॉर यू

सम्पादकीय

गाजियाबाद, मंगलवार 05 नवम्बर 2024

2

सम्पादकीय

# ऑनलाइन फरेब

ऑनलाइन फरेब की दुनिया में हाल ही में नया शब्द जुड़ा है डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल करके डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया। कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं,लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल,ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा कि जिस कथित काल्पनिक अपराध के लिये उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है क्या उससे वास्तव में उनका कोई लेना -देना है? यूं तो भय-आशंका का काल्पनिक चित्रण करके साइबर अपराधी लोगों की सोचने-समझने की क्षमता पर प्रहार करते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि कोई कोर्ट या सरकारी एजेंसी तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को उन तथ्यों से आम लोगों को जागरूक करना चाहिए, जिनके जरिये लोगों के खाते खाली किये जा रहे हैं। लोगों को बताये जा रहे विभागों से सीधे संपर्क करके वस्तुस्थिति का संज्ञान लेना चाहिए। यदि अपराधी भयाक्रांत करते हैं तो घबराना नहीं चाहिए। किसी अपराधी को पैसे ट्रांसफर करने से पहले, इस बारे में परिवार के लोगों, मित्रों व पुलिस को सूचित करना चाहिए। लोगों को अपराधियों के संदेश का स्क्रीन शॉट लेना चाहिए, फोन कॉल रिकॉर्ड आदि सबूत सुरक्षित रखने चाहिए। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करें व स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# देश की एकता पर लपकते और शिखा से पादुका तक पैने होते नाखून

**(आलेख : बादल सरोज)**



जाति जनगणना के सवाल पर मनु-जायों का कुनबा बिल्लयाया हुआ है। न उगलते बन रहा है, न निगलते!! हजार मुंह से हजार तरीके की बातें करके ह्यचित्त भी मेरी पट्ट भी मेरीह्ल की सारी कोशिशों के बाद भी 'अंटा मेरे बाप का' कहने का दावा करने का आत्मविश्वास नहीं जुट पा रहा है। घूम फिरकर एक ही तोड़ -- सदियों के साझे संघर्षों और साथ से बनी मुल्क की पुरानी कौमी एकता को तोड़ने और बिखेरने का तोड़ -- समझ में आ रहा है ; और ऊपर से नीचे तक, पहाड़ से समंदर तक पूरा गिरोह इसी काम में लग गया है। इस बार इसके पूरी तरह निरावरण और निर्लज्ज चरण की शुरूआत केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संवेदनशील प्रदेश बिहार के और भी अधिक संवेदनशील इलाके सीमांचल से की है। अपनी इस कथित हिन्दू स्वाभिमान यात्रा में इस केन्द्रीय मंत्री ने उन्हीं जिलों को निशाने पर लिया, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है।

वे भागलपुर से निकले और कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज होते हुए अररिया तक आग लगाते, जहर बरसाते घूमते रहे। इस कथित स्वाभिमान यात्रा के दौरान दिए भाषणों में उन्होंने कहा कि ह्लकोई मुसलमान यदि तुम्हें एक थप्पड़ मारे, तो तुम सब मिलकर उसे सौ थप्पड़ मारो ह्व वे यहीं तक नहीं रुके। उन्होंने युद्धघोष-सा करते हुए आव्हान किया कि ह्लसभी हिन्दुओं को अपने घरों में तलवार, भाला और त्रिशूल रखना शुरू कर देना चाहिये ह्व इस तरह के उग्र प्रलापों के बाद उन्होंने भीड़ से ह्लकटेंगे, तो बटेंगेह्व के नारे का तिवार्चा भरवाया, उसे तीन बार लगवाया। गिरिराज सिंह उस संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य भारत के मंत्री हैं, जिसका संविधान धर्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्ध है और यह भारत और उसके सामाजिक ढाँचे के अस्तित्व की बुनियादी शर्त है।

इस विष भरी यात्रा के शुरू होने के ठीक पहले इसी 21 अक्टूबर को देश का सर्वोच्च न्यायालय दो टूक शब्दों में साफ कर चुका है कि ह्लधर्मनिरपेक्षता भारत के संविधान की बुनियाद का हिस्सा है, उसका आधार है ह्व इतना ही नहीं, इसी कुनबे के कुछ लोगों की संविधान में से धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भविष्य में भी इस तरह की मंशाओं को निर्मूल करते हुए कहा कि ह्लधर्मनिरपेक्षता भारत के संविधान का अविभाज्य अंग है, एक ऐसा हिस्सा है, जिसे बदला नहीं जा सकता ह्व

इससे पहले भी कई बार सुप्रीम कोर्ट यही बात कह चुका है, मगर इस बार का उसका फैसला न्यायपालिका की जिस दशा में आया है, उसके चलते और भी ज्यादा मानीखेज हो जाता है। इसके बाद भी, जिस सरकार पर संविधान को लागू करने और खुद उसी के हिसाब से चलने की जिम्मेदारी है, उसी का एक मंत्री, मंत्री पद पर रहते हुए, कमांडोज की सिक्यूरिटी में लालबत्ती की कार में बैठकर देश में धर्म के बहाने उन्माद भड़काने के सरासर आपराधिक काम में लगा हुआ था। जिस पुलिस को उसे फौरन गिरफ्तार कर लेना चाहिए था, वही पुलिस उसकी सभाओं का इंतजाम देख रही थी।

कृषि के बाद देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले टेक्सटाइल उद्योग के कताई, बुनाई से रंगाई तक के हर इदारे को तबाह कर चुकने के बाद कपड़ा मंत्री देश के भाईचारे और एकता के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के कुटिल इरादे को पूरा करने निकल पड़े हैं। गिरिराज सिंह का अपराध सिर्फ राजनीतिक या सामाजिक रूप से ही अक्षम्य और अरक्षणीय नहीं है, वह देश के कानूनों के हिसाब से भी आपराधिक और दण्डनीय है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए के तहत यदि कोई भी व्यक्ति धर्म व जाति को आधार बनाकर समाज में अशांति फैलाने के जुर्म में न्यायालय द्वारा दोषी पाया जाता है, तो उस व्यक्ति को 3 वर्ष तक की सजा व जुमार्ने से दंडित किया जाता है।

इसी तरह की एक अन्य धारा 295 ए है, जिसके अंतर्गत ऐसे सभी कृत्य अपराध माने जाते हैं जहाँ कोई आरोपी व्यक्ति, भारत के नागरिकों के किसी हिस्से की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के जानबूझकर और विद्वेषपूर्ण आशय से उस वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करे या ऐसा करने का प्रयत्न करे। ऐसा करने पर वह तीन वर्ष की सजा या जुमार्ने या दोनों से दण्डित किया जाएगा। इस धारा में ऐसा करने के रूपों और अभिव्यक्ति के तरीकों को भी दर्ज किया गया है, जिसमें लिखित शब्दों, संकेतों, द्रश्यारूपणों तक को प्रमाण माना गया है यहाँ तो मोदी की कैबिनेट के मंत्री बाकायदा नाम ले लेकर एक समुदाय विशेष झ मुसलमानों झ के खिलाफ हिंसा का खुला आव्हान कर रहे हैं।

मगर वे न अकेले हैं, न अपवाद हैं। भले बिहार की भाजपा ने इसे झ अपने ही केन्द्रीय मंत्री -- की इस उन्मादी यात्रा से पल्ला झाड़कर इसे उनकी निजी यात्रा बताकर बिहार की साझा सरकार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार को लोगों को दिखाने के लिए उल्लू की लकड़ी पकड़ा दी हो, मगर यह न निजी है, ना हीं किसी एक के दिमाग में पैदा हुए खलल का परिणाम है।

यह 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पमत में रह जाने और लाख कोशिशों के बावजूद जनता के आर्थिक और सामाजिक शोषण के वास्तविक मुद्दों के उभर कर विमर्श में आ जाने से मची घबराहट और बेचैनी का नतीजा है। उन्माद की आग में, साम्प्रदायिकता की कडाही में, विद्वेष के गरल में विभाजनकारी एजेंडे को फिर से तलकर परोसने की हडबडी है। जिस सीमांचल के जिलों से गिरिराज सिंह गुजरे, उसकी चार में से तीन लोकसभा सीटों पर भाजपा और एन डी ए को हार मिली है। पड़ोस के राज्य झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं झ कुनबे को पता है कि अररिया, कटिहार, भागलपुर या किशनगंज में तनाव बढ़ेगा और दुर्भाग्य से कही थोड़ा बहुत भी अघट घट गया तो चिंगारियां महाराष्ट्र तक जायेंगी।

इस नजदीकी मकसद के अलावा लक्ष्य दूरगामी भी है, मनु प्रताड़ित समुदायों को फुसलाकर उन्हें अपनी ही गर्दन पर चलने वाली तलवार पर धार लगाने के काम में भिडाने का। उत्तरप्रदेश में अयोध्या, प्रयाग, सीतापुर, रामपुर, चित्रकूट सहित जितनी भी धार्मिक कही जाने वाली जगहें हैं, उनकी लोकसभा सीटें हारने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न को श्मशान सिद्ध मन्त्र और वैताल प्रदत्त जादू की छड़ी मानकर घुमा रहे हैं, उसे प्रधानमंत्री से लेकर बस्ती-मोहल्ले के भाईजियों तक ह्यखुल जा सिमसिमह्न के पासवर्ड की तरह दोहराये जा रहे है ; यह बात अलग है कि फिलहाल कोई दरवाजा उन्हें खुलता नहीं दिख रहा। इसीलिए इस पर और अधिक जोर देने के लिए अब इनके मात-पिता संगठन आरएसएस ने भी सुर में सुर मिलाना शुरू कर दिया है।

संघ के सरकार्यवाह होंसबोले भी बोले हैं और दावा किया है कि उनका संघ तो हमेशा से ही यही काम करता रहा है। इस बंटेंगे में उनका आशय सारे भारतियों की एकता बनाने का, उन्हें बंटने से रोकने का न था, न है। *उनका इरादा उस कथित हिन्दू समुदाय को एकजुट करने का है, जिसके करीब 90 फीसदी मनु-प्रताड़ित और वंचित, कुचले और सताए हिस्से के ऊपर ही अंततः उनके हिंदुत्व की विजय ध्वजा को गाड़ना है। फिलहाल इन्हें कहीं मुसलमानों, तो कहीं ईसाईयों और बाकी सब जगह तर्कशील, प्रश्नाकुल नागरिकों और कम्युनिस्टों का डर दिखाकर उन्मादी भीड़ में बदलना है। ये अलग बात है कि बाद में हिन्दुत्व के नाम पर गुजरे अतीत की अँधेरी गुफाओं से लाकर जिस शासन प्रणाली को स्थापित किया जाना है, उसके सूत्रधार मनु की गाज इन्हीं पर गिरने वाली है।

बहरहाल उन्हें लगता है कि शायद इस घनगरज का जैसा वे चाहते हैं, वैसा असर न हो, इसलिए अपने हुडदंगी जत्थे - स्टॉर्म ट्रूपर्स झभी मैदान में उतार दिए है। *सुलगाने और धधकाने की शुरूआत पहाड़ से की जा रही है। चमोली जिले में ये जत्थे घूम रहे हैं ; थराली, गैरसेण, खनसर घाटी, माईथान, नंदानगर हर जगह उन्माद भडका कर उसे उत्पात में बदला जा रहा है, हुजुमों को इकट्ठा कर उन्हें मस्जिदों पर हमले करने के लिए उकसाया जा रहा है। बाहरी लोगों को उत्तराखण्ड से बाहर खदेड़ने की मांग उठाकर अल्पसख्यकों की कॉलोनियां, बस्तियां और मस्जिदें ढहाने की मांगे की जा रही हैं। खुद मुख्यमंत्री धामी इसे हवा दे रहे हैं। लपटें उत्तरकाशी तक पहुँचने लगी हैं ।

मुद्दा जिस बलात्कार की घटना को बनाया जा रहा है, उसमें गिरफ्तारी 15 दिन पहले ही हो चुकी है ; मगर दाहोद, बदलापुर, कठुआ सहित हाल के ज्यादातर बलात्कारों, यहाँ तक कि नाबालिगों की हत्याओं तक में अपनों के लिप्त होने के समय चुप रहने या पूरी निर्लज्जता के साथ अपराधियों की खुल्लमखुल्ला हिमायत करने वाला गिरोह चमोली के आरोपी का धर्म देखकर उसे साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का जरिया बना रहा है। इस बार तो संयोग से अपराधी एक मुस्लिम युवा है भी, न भी होता, तो भी ये तो झूठ दर झूठ गढ़कर भी तनाव फैलाने और फसाद करवाने में सिद्धहस्त हैं। हाल में सामने आई एक कुकृत्य की घटना में लिप्त एक घरेलू कामकाजी महिला रीना को इनका आईटी गिरोह पूरे सप्ताह भर तक रुबीना बताकर नफरत फैलाता रहा। जब सब कुछ जानबूझकर किया गया हो, तो बाद में उसका खंडन करने की कोई उम्मीद की ही नहीं जा सकती ।

अगस्त की 27 तारीख को चरखीदादरी के एक कबाड़ व्यवसायी साबिर मलिक को खाना खाते में उसके घर से उठा लिया गया था और गौ-मांस खाने के आरोप में उसे मार डाला गया था । अब उसी हरियाणा की फरीदाबाद की सरकारी लैब ने रिपोर्ट दी है कि मकतूल के घर से उठाया हुआ मांस ही नहीं, पूरे अल्पसंख्यक मोहल्ले के हर घर की देगची से उठाये गए खाने में किसी के यहाँ भी गौ-मांस नहीं मिला। साबिर की बलि से हरियाणा के चुनाव अभियान का शंख फूंकने वाली भाजपा और इस तरह की मॉब लिंचिंग कर रहे गिरोहों के मात-पिता संगठन की तरफ से कोई खेद, कोई अफसोस कहीं नहीं दिखा।

# उप जिलाधिकारी श्वेता सिंह की अध्यक्षता में लगाया गया संपूर्ण समाधान दिवस

## >> संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी खा रहे ठोकर, नहीं हो रही सुनवाई




**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** फरियादियों ने बताया शिकायतों पर नहीं हो रही कार्यवाही छाता बार एसोसिएशन के बकीलों ने पुलिस प्रशासन की बर्बरता को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन। समाधान दिवस में देखा गया कि संपूर्ण समाधान दिवस को तहसील स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों ने मजाक सा बना रखा है, आखिर यह समाधान दिवस क्यों लगाया जाता है जब शिकायतों का निस्तारण ही नहीं होता है,फरियादी अपनी शिकायतें लेकर समाधान दिवस में आते हैं ,पर उनकी समस्या का निस्तारण नहीं होता है आज संपूर्ण समाधान में कुल 13 शिकायते आई जिसमें छह राजस्व विभाग की तीन पुलिस विभाग की बाकी अन्य विभागों शिकायते आई संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले गांव खायरा से गंगाराम व आजनौख से कौशल व अन्य फरियादियों का कहना है वही अपना गुड वर्क दिखाने के लिए अधिकारीयों के अधीनस्थ कर्मचारी शिकायतों का फर्जी निस्तारण भी कर रहे हैं। आप इसका अंदाजा सीधा-सीधा लगा सकते हैं, संपूर्ण समाधान दिवस छाता की हालत देखकर यहां पड़ी हुई बहुत से विभागों की ज्यादातर कुर्सियां खाली पड़ी हुई है। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में छाता बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद में वकीलों के ऊपर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

# कनाडा में रहने वाली इंस्टाग्राम गर्लफ्रेण्ड को महंगे उपहार देने के लिए पीएनबी बैंक में चोरी का किया प्रयास

**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी: अशरफ अली**



थाना कोतवाली नगर छाया चौराहा पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक श्री सोनू दीक्षित पुत्र रामबाबू दीक्षित निवासी इन्दिरा मार्केट निकट छाया चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक-30.10.2024 से त्योहार के दृष्टिगत अवकाश के उपरान्त आज दिनांक 04.11.2024 को बैंक खुलने पर अपनी शाखा पर आया तो पाया कि बैंक का मेन गेट टूटा व खुला हुआ है एवं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर तत्काल मु0 पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं मौके पर डॉग स्क्वाड व फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री सुमित त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर श्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में चार पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम मे स्वाट/सर्विलांस एवं थाना कोतवाली नगर की समन्वित प्रयास के परिणामस्वरूप लगभग 70 सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन के उपरान्त अभियुक्त का एक वीडियो फुटेज प्राप्त हुआ, जिसे टेक्निकल ऐप के माध्यम से उसके चेहरे को स्पष्ट कर अभियुक्त की पहचान शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बारांबकी के रूप में की गयी जिसको 03 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शाहिद खान उपरोक्त की तीन गर्लफ्रेण्ड हैं, जिनमें से एक इंस्टाग्राम के माध्यम से मिली थी जो कनाडा में रहती है। चैटिंग के माध्यम से दोनों में प्रेम सम्बन्ध प्रगाढ हो गये जिसको इम्प्रेस करने हेतु महंगे उपहार देने के लिए अभियुक्त को रूपयों की आवश्यकता थी। दिनांक 30.10.2024 को बैंक के बाहर स्थित दुकान पर बैठकर रेकी करने के दौरान उसे विश्वास हुआ कि बैंक में काफी रुपए है, एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बैंक कई दिन बन्द भी रहेगें। दिनांक 31.10.2024 की रात्रि को बैंक के मेन गेट के ताले को तोड़ने का प्रयास किया गया न टूटने पर ग्राइंडर का प्रयोग किया गया किन्तु असफल रहा। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए चोरी का प्रयास करने वाले व्यक्ति को जेल भेज दिया

# महोत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा पूर्ण बोरा

**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**



चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निदेर्शों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम एवं के अन्तर्गत फूड फेस्टिवल के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से आगामी 08 09 एवं 10 नवम्बर को आयोजित होने वाले बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जिले को देश एवं प्रदेश में विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए बिजनौर महोत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों की स्थलवार जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक शहरी को जल्द से जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वहां अनावश्यक रूप से आवागमन प्रभावित ना होने पाए उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द ही कार्यक्रम स्थलों शहर के मुख्य चौराहों एवं मार्गों के सजावट का कार्य प्रारम्भ कर दें जिससे कि ससमय रह गई कमियों को दूर किया जा सके उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित को निर्देश दिए कि वाट्सएप ग्रुप बनाते हुए के माध्यम से जानकारी का आदान प्रदान करें तथा आपस में समन्वय स्थापित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्य करें उन्होंने उपस्थित सभी विद्यालयों के प्रबंधक प्रतिनिधियों से कहा कि बिजनौर के बच्चे ही बिजनौर का भविष्य हैं इस लिए विद्यालयों एवं कॉलेजों द्वारा बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को प्रतिभाग कराए और उन्हें इस महोत्सव को प्रमोट करने के लिए भी प्रोत्साहित करें

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आपसी समन्वय स्थापित कर शेष रह गई तैयारियों को ससमय से पूरा कर लें साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि कहीं कोई कठिनाई एवं समस्या आ रही हो तो उनसे संपर्क कर समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम को सुनियोजित और सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जो दायित्व निर्धारित किए गए हैं उनको पूरी गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराएं इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अवनीश कुमार डिप्टी कलेक्टर जिला सूचना अधिकारी आशुतोष जयसवाल आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं विद्यालयों एवं कॉलेजों के प्रबंधक प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने लोगों की समस्याएं सुनी

**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**



चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि तहसील दिवस आईजीआरएस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी को जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं उनको स्वयं पढ़ते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित ना कर सकें शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल तहसील चांदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे

उन्होंने उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रातः 10:बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करना सुनिश्चित करें तथा उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपनी विभागीय शिकायत पंजिका को मेंटेन रखने के भी निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी होती हैं जो जिला स्तर से संबंधित ना होकर मंडल स्तर तथा मुख्यालय स्तर से संबंधित होती हैं जिस कारण उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण ना होने पर उक्त शिकायतें डिफॉल्टर श्रेणी में चली जाती है जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है उक्त संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों का गम्भीरता पूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित ना होने पाए तहसील दिवस के मौके पर कुल 17 शिकायतें दर्ज की गई जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह उप जिलाधिकारी चांदपुर एवं तहसीलदार चांदपुर के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

## संक्षिप्त समाचार

### थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से किसान हुए परेशान, बीती रात चोरो ने किसान के पेड़ काटे



**मीडिया फॉर यू, गागलहेड़ी (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

थाना क्षेत्र में पेड़ो की चोरी का सिलसिला लगातार जारी है, बीती रात थाना क्षेत्र के गांव खजुरी अकबरपुर के जंगल में चोरो ने किसान के कीमती शीशम और आम के पेड़ काट कर पुलिस गश्त की खोली पोल।

रविवार देर रात की घटना का सुबह होने पर किसान को उस समय पता चला जब किसान को खेत पर काम करने गए उसके पडोसी किसान ने पेड़ चोरी होने की सूचना दी। जिसके तुरन्त बाद किसान ने पेड़ चोरी की सूचना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू कर दी। बता दें की इससे पहले भी गांव चौरादेव और खजुरी अकबरपुर में पेड़ चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ चोरी की घटनाओ से पुलिस गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं, जबकि खेतों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा है। उन्होंने जल्द खुलासे की मांग की है।

### लोकजनशक्ति आर के उत्तरप्रदेश सह मीडिया प्रभारी बने राजीव गोयल

**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर केंद्रीय मंत्री व लोकजनशक्ति पार्टी आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा की संस्तुति पर प्रदेश प्रधान महासचिव राजीव गोयल को उत्तरप्रदेश में संगठन की मजबूती के लिये पार्टी के सांसद व प्रदेश प्रभारी अरुण भारती की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय टीम में स्थान दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री मा0 चिराग पासवान जी के निर्देश पर पार्टी संगठन को ओर अधिक मजबूत करने हेतु पार्टी के 8 वरिष्ठ सदस्यों वाली टीम बनाई गई है जो पार्टी के प्रचार प्रसार के साथ साथ संगठन को मजबूत करने व पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने में आपस में समन्वय बनाने का काम करेगी। सभी का उद्देश्य एक ही है - समाज के हर वर्ग की सेवा करना और पार्टी को मजबूत बनाना। सभी के सुझाव, विचार, और अनुभव इस लक्ष्य की ओर ले जाने में सहायक होंगे। प्रभारियों का कार्य पार्टी की मजबूती और विस्तार के लिए एकजुट होकर काम करे जिससे उत्तर प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायता मिलेगी राजीव गोयल के नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया

# सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को सीएम योगी की बड़ी सौगात

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसमें अब शिक्षकों को 5 वर्षों की न्यूनतम सेवा के बजाय केवल 3 वर्षों की सेवा के बाद स्थानांतरण का अधिकार मिल सकेगा। इस निर्णय से घर से दूर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सेवाएं दे रही महिला शिक्षकों को विशेष लाभ होगा, क्योंकि उन्हें अपने परिवार के पास वापस आने का अवसर पहले से कम समय में मिल सकेगा।

नई उच्चतर सेवा नियमावली 2024 के अनुसार, प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षक, जो नियमित आधार पर नियुक्त और स्थायी रूप से पदस्थापित हैं, अब केवल 3 वर्षों की सेवा के बाद अपने स्थानांतरण का अनुरोध कर सकेंगे। इससे पहले यह सीमा 5 साल थी। नई नियमावली के अंतर्गत यह प्रावधान भी है कि शिक्षक अपने संपूर्ण सेवा काल में केवल एक बार स्थानांतरण के हकदार होंगे। इस निर्णय के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इससे शिक्षक समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। घर से दूर रहने के कारण कठिनाई महसूस कर रही महिला शिक्षकों और अन्य शिक्षकों को इस नियमावली से काफी राहत मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम को शिक्षा प्रणाली में संतुलन और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक ठोस प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। योगी सरकार ने हाल ही में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम-2023 को लागू किया है, जो कि 23 अगस्त 2023 को प्रख्यापित किया गया था। इस अधिनियम के तहत उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम-1980 को निरसित कर दिया गया है, जिससे 1980 के अधिनियम के तहत जारी स्थानांतरण नियम स्वतः समाप्त हो गए हैं। इसके बाद 2005 में जारी नियमावली भी निरस्त कर दी गई है,



जिससे नई नियमावली बनाने की आवश्यकता उत्पन्न हुई। अधिनियम-2023 की धारा-31 (1) के तहत शिक्षा सेवा में चयन की नई व्यवस्था लागू की गई है, जो शिक्षक समुदाय में स्थानांतरण की प्रक्रिया को और सुगम बनाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत शिक्षक केवल अपने महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र और विश्वविद्यालय के अनुमोदन के साथ स्थानांतरण का आवेदन कर सकेंगे, जिसे निदेशक, उच्च शिक्षा को प्रस्तुत करना होगा।

इस नई नियमावली के तहत एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में एकल अथवा पारस्परिक स्थानांतरण करने के लिए शिक्षकों को विधिवत आवेदन प्रक्रिया का पालन करना होगा। आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित होगा। प्रबंधतंत्र की सहमति के बाद ही आवेदन को निदेशक, उच्च शिक्षा के पास भेजा जा सकेगा। इससे स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्पष्टता आएगी, साथ ही अनावश्यक देरी से भी बचा जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय शिक्षकों की व्यावसायिक संतुष्टि बढ़ाने में सहायक होगा। साथ ही, यह कदम शिक्षा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को भी पूरा करता है, क्योंकि इससे उन महिला शिक्षकों को लाभ मिलेगा जो अपने परिवारों से दूर सेवा देने को मजबूर हैं। योगी सरकार का यह निर्णय राज्य के शैक्षिक ढांचे में संतुलन और सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

योगी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए हाल ही में कई पहल की हैं। इस नई नियमावली के साथ, योगी सरकार का उद्देश्य है कि सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को उनकी सेवाओं में स्थायित्व और संतोष का अनुभव हो। योगी सरकार ने इसके माध्यम से शिक्षकों को उनके घरों के निकटतम क्षेत्रों में स्थानांतरण का विकल्प देकर संतुलन बनाने की कोशिश की है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस पहल से प्रदेश के शिक्षा संस्थानों में स्थायित्व बढ़ेगा और इससे छात्र-शिक्षक संबंधों में भी सुधार होगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इस नियमावली के लागू होने के बाद से शिक्षकों को अपने गृह जनपद में लौटने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षण कार्य में अधिक समर्पण और प्रतिबद्धता आएगी। इससे ना केवल शिक्षकों के कार्यस्थल पर संतोष का स्तर बढ़ेगा, बल्कि छात्रों को भी लाभ होगा, क्योंकि शिक्षक अधिक सहज और संतुष्ट होकर अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण नियमों में किए गए इस बदलाव से राज्य के शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। शिक्षकों को अपने परिवार के निकट कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका कार्यस्थल पर संतोष और उत्साह बढ़ेगा।

## गाजियाबाद घटना को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से रहे विरत, सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओ ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**मीडिया फॉर यू**

**सहारनपुर। काजी शाहिद अहमद**

गाजियाबाद कांड को लेकर सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओ ने काली पट्टी पहनकर विरोध दिवस मनाते हुए न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया।

गाज़ियाबाद मे अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर वकीलों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। सोमवार को सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा की गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज होना देशभर के अधिवक्ताओं का अपमान है, जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



उन्होंने कहा की गाजियाबाद जनपद न्यायाधीश द्वारा न्याय व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का जो प्रयास न्यायालय कक्ष में किया गया, वह हर प्रकार से निंदनीय है।कहा की इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा किसी भी न्यायिक अधिकारी से नहीं की जा सकती, क्योंकि यह सर्वविदित है की न्यायाधीश 'बार' का ही एक अंग है। किंतु न्यायाधीश स्वयं को अधिवक्ताओं से अलग मानकर कार्य करते चले आ रहे हैं, जिससे न्याय की गरिमा ठेस पहुंच रही है। और इससे वाद कारियों को उचित न्याय मिलने की संभावनाएं क्षीण होती है। उन्होंने कहा की अधिवक्ताओं को बोलने से रोका जाता है, जबकि अधिवक्ता अपने वादी की आवाज को न्यायालय में रख रहा होता है।अधिवक्ता को इस तरह से रोका जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। गाजियाबाद में हुई घटना की हम निंदा करते हैं।

## थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने छठ घाट की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**कुशीनगर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जटहां हिरनही में छठ घाट की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने रविवार को मौके पर जाकर जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य को मौके पर बुलाया और पूरे घाट की सफाई, रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य पूरी तरह कराने का निर्देश दिया, तथा घाट के चारों तरफ रस्सी का ब्रेकेटिंग करने और गोताखोरो की व्यवस्था करने को सुनिश्चित किया। ताकि किसी भी दुर्घटना से निपटा जा सके। इस ग्राम प्रधान उगनी देवी दौरान ग्राम मोहन कुशवाहा शहाबुद्दीन अंसारी पूर्व प्रधान आजम अंसारी ग्राम प्रधान नंदेश्वर चौरसिया क्षेत्र पंचायत सदस्य इकबालअली जटहां बजार के क्षेत्र पंचायत सदस्य सलीम अंसारी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंगल कलशयात्रा के साथ हुआ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**



भगवान श्री नकुलेश्वर महादेव की नगरी नकुड़ में प्रतिवर्ष ब्रह्मलीन परम संत श्री बाबा बंसी वाले की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ।

कस्बे में सोमवार को निकाली गई मंगल कलशयात्रा श्रीरामलीला भवन से प्रारंभ हुई तथा कस्बे के विभिन्न बाजारों को होती हुई वापिस श्रीरामलीला भवन पर पहुंचकर ही सम्पन्न हुई। कलशयात्रा में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा में जहां एक ओर महिला श्रद्धालु सर पर मंगल कलश लिए हुए थी, दूसरी ओर पुरुष श्रद्धालु बारी बारी से श्रीमद्भागवत ग्रंथ को अपने सिर पर रखकर चल रहे थे। साथ ही भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत महापुराण के जयकारों का जयघोष कर रहे थे, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। ततपश्चात कथा का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता ने बाबा बंसी वाले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की नकुड़ क्षेत्र पर बाबा जी की विशेष कृपा है। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से नरेश जिंदल, मनोज गोयल, नीटू भारती, विनीत शर्मा, विजय त्यागी, ऋषिपाल शर्मा, विनोद वर्मा, अनिल गोयल, रिंकू गुप्ता, रविंदर धीमान, विनीत भार्गव सहित सैकड़ो महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान

### >> डीएम की अध्यक्षता में ता0 अमेठी मे आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस




**अमेठी।** जनपद मे शासन के निदेर्शानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए तहसील अमेठी में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, तहसील मुसाफिरखाना में 12 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी अमेठी तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

## कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में लगातार सफलता हासिल कर रही हरिद्वार पुलिस

**मीडिया फॉर यू**

थाना झबरेडा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वास्तविक किसानों व कई मजदूरों (जिन्हे किसान दशार्या गया) के नाम पर फर्जी तरीके से बैंक अकाउंट खुलवाकर व कूटकरित दस्तावेज तैयार कर पंजाब नेशनल बैंक की इकबालपुर शाखा से वर्ष 2008 से वर्ष 2020 तक कोप लोन लिये गए जिसकी संबंधित व्यक्तियों (किसान एवं मजदूर) को खबर ही नही थी।



लोन की किस्त जमा न होने पर पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संबंधित के नाम पर नोटिस जारी किए गए। सीधे सरल तरीके से अपना जीवनयापन कर रहे किसानों एवं मजदूरों को जब बैंक नोटिस मिला तो पूछताछ करने पर उन्हे इस जालसाजी का पता चला। उनके लिए ये किसी सदमें से कम न था।

संबंधित प्रकरण का संज्ञान लेकर उच्चाधिकारीगण के आदेशानुसार तत्कालीन चौकी प्रभारी इकबालपुर उ०नि० मोहन कठैत द्वारा शुगर मिल प्रबंधक व तत्कालीन बैंक मैनेजर पी.एन.बी. इकबालपुर के विरुद्ध दिनांक-19.04.2021 को थाना झबरेडा में मु.अ.सं. -144/2021 धारा- 420, 120इ क्द्धउ में कायम किया गया था तथा विवेचना के दौरान धारा 467, 468, 471स्रू की बढोत्तरी कीगई थी।

उक्त मुकदमें की प्रारम्भिक विवेचना जनपद हरिद्वार में ही सम्पादित होने के पश्चात अग्रिम विवेचना आर्थिक अपराध शाखा (ई०ओ०डब्लू) सी०बी०सी०आई०डी० देहरादून में स्थानान्तरित हुई। वर्तमान विवेचक निरीक्षक वेद प्रकाश थपलियाल द्वारा 05 आरोपियों के 55 उ.फढ.उ. के तहत नोटिस जारी किए गये थे। झबरेड़ा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी में शामिल पंजाब नेशनल बैंक इकबालपुर के तत्कालीन बैंक मैनेजर बारू सिंह रावत पुत्र स्व० श्री भगवान सिंह रावत (सेवानिवृत्त) को देहरादून से गिरफ्तार किया गया है। थाना झबरेड़ा पुलिस की इस ठोस कार्रवाई पर स्थानीय क्षेत्रवासियों, विशेष कर किसानों में, खुशी की लहर है। धोखाधड़ी में शामिल आरोपी पवन ढींगरा व उमेश शर्मा को पुलिस गिरफ्तार कर बीते रोज ही जेल भेज चुकी है।

## उत्तर प्रदेश की उप निर्वाचन की मतदान तिथि बढ़ी कार्तिक पूर्णिमा के दृष्टिगत मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने मतदान तिथि आगे बढ़ाने का किया था अनुरोध

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निर्वाचन आयोग का जताया आभार

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर लखनऊ, 4 नवंबर 2024 प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के मद्देनजर उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 की तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। उनके इस अनुरोध के बाद निर्वाचन आयोग ने निर्णय लिया है कि अब 9 विधानसभा सीटों पर उप निर्वाचन 13 नवंबर के बजाय 20 नवंबर 2024 को



होंगे।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निर्वाचन आयोग को उपचुनाव की तिथि बढ़ाने के निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कार्तिक पूर्णिमा के धार्मिक महत्व का लाभ प्राप्त होगा और मतदान प्रक्रिया भी सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगी।हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है, जब देशभर से लोग गंगा स्नान, व्रत, पूजा और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन करते हैं। यह दिन श्रद्धालुओं के लिए अत्यधिक पुण्य प्राप्ति का अवसर माना जाता है। इसी के चलते, श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व ही धार्मिक स्थलों की ओर प्रस्थान कर लेते हैं। विशेष रूप से, गाजियाबाद और मीरापुर विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होने हैं, जहां गढ़मुक्तेश्वर और शुकतीर्थ में विशाल मेले का आयोजन होता है। इससे इन क्षेत्रों में कम मतदान की संभावना थी। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए, चुनाव की तिथि को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है।

मीडिया फॉर यू
उत्तर प्रदेश
गाजियाबाद, मंगलवार 05 नवम्बर 2024


# निरंकारी भक्त हैं उत्साहित, एक बार फिर सजेगा मानवता का समागम

>> 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियों का सौंदर्य

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुरा:** निरंकारी संत समागम मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है जहां धर्म, जाति, भाषा, प्रांत और अमीरी-गरीबी आदि के बंधनों से ऊपर उठकर सभी मर्यादित रूप से प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा, सुमिरण और सत्संग करते हैं। यह उसी सन्देश का अनुसरण है जो सभी संतों, पीरों और गुरुओं ने समय-समय पर दिया है। मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77 वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम, शांति और एकत्व का संदेश दिया जाता है, जो निसंदेह समस्त मानवता के कल्याण के लिए होता है सर्वविदित है कि इस संत समागम की भव्यता केवल इसके क्षेत्रफल से रेखांकित नहीं होती, बल्कि यहाँ देश-विदेश से पधारने वाले लाखों श्रद्धालु भक्तों के भावों से इंगित होती है। तीन दिवसीय संत समागम में भक्ति के अनेक पहलुओं के साथ ही समागम के विषय -ह्यविस्तार, असीम की ओरह्य पर गीत, विचार और कविताओं आदि के माध्यम से भक्त अपने शुभ भाव प्रकट करेंगे। सतगुरु माता जी और निरंकारी राजपिता जी के प्रवचनों का अनमोल उपहार भी सभी को प्राप्त होगा। मथुरा सहित उत्तर प्रदेश से हजारों भक्त समागम में



भागीदारी करेंगे, मथुरा से 15 नवम्बर को बसें समालखा जायेंगी। मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि निरंकारी संत समागम के विशाल रूप को प्रभावशाली और सुचारु रूप से आयोजित करने के लिए निरंकारी मिशन के भक्त एवं सेवादार देश के कोने-कोने से महीनों पहले ही आकर अपनी निष्काम सेवाएं समर्पित करते हुए तैयारियों में जुट जाते हैं। समागम सेवाओं का यह दृश्य अपने आप में अत्यंत प्रेरणादायक और मनोरम होता है। इस वर्ष भी देखा गया कि प्रातः काल से ही सेवाएं प्रारम्भ हो जाती हैं जहाँ हर आयु-वर्ग के नर-नारी अनेक प्रकार की सेवाओं को सरंजाम दे रहे हैं। सेवादारों के हाथों में मिट्टी के तसले होते हैं और जुबान पर भक्ति भाव से भरे मधुर गीत। कहीं जमीन को समतल किया जा रहा है तो कहीं टेंट लगाए जा रहे हैं। सेवादल की वर्दी में भी नौजवान भाई-बहन अपने अधिकारियों के निदेर्शानुसार ग्राउंड पर अनेक प्रकार की सेवाओं में रत्त हैं। लंगर, कैंटीन, प्रकाशन और ऐसी अनेक सुविधाएँ सुचारु रूप से चल रही हैं, जिनका रूप आने वाले दिनों में और विशाल होता चला जायेगा। देखने में जो सामाजिक गतिविधि लग रही है, उसका आधार पूर्णतः आध्यात्मिक है। सभी एक-दूसरे में परमात्मा का रूप देखकर एक-दूसरे के चरणों में धन निरंकार जी कहते हुए झुक रहे हैं। विद्या ददाति विनयम का ये जीवंत उदाहरण प्रतीत होता है। सबके चेहरों पर एक रूहानी आभा है, जो उनके मन के विश्वास और संतोष को प्रकट कर रही है। सेवा कर रहे इन भक्तों के हर्ष और आनंद की पराकाष्ठा तब देखने को मिलती है, जब सेवा करते हुए उन्हें अपने सतगुरु के दर्शन हो जाते हैं। उस पल गुरसिखों के हृदय झूमने लगते हैं, गाने लगते हैं, नाचने लगते हैं। इसी स्वर्गीय नजारे का सभी श्रद्धालु पूरा साल इंतजार करते हैं। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समागम के समन्वयक श्री जोगिन्दर सुखीजा ने बताया की सभी संतों के रहने, भोजन, शौच, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आगमन-प्रस्थान व अन्य सभी मूल-भूत सुविधाओं की तैयारी की जा रही है। राज्य के प्रशासन से भी हर प्रकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है और समागम के आयोजन से जुड़े हर वैधानिक पहलू को ध्यान में रखते हुए ही सारी व्यवस्था की जा रही है। कुछ ही दिनों में ये आध्यात्मिक स्थल एक ह्यभक्ति के नगरह्न का रूप ले लेगा जहाँ विश्व से लाखों संत महात्मा सम्मिलित होंगे। मानवता के इस महासंगम में हर धर्म-प्रेमी भाई-बहन का हार्दिक स्वागत है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान संपन्न



**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर :** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं कतिपय शिकायतों / समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया । उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ,एसडीएम बलरामपुर , क्षेत्राधिकार बलरामपुर , क्षेत्राधिकार ललिया ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग,जिला विकास अधिकारी तहसीलदार बलरामपुर, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे !

### पूर्व मंत्री शकील नदवी का सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने किया स्वागत



**मीडिया फॉर यू , बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मीरापुर से कुंदरकी मुरादाबाद उप चुनाव मे जाते हुए समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री शकील नदवी जी का बिजनौर चांदपुर की चुंगी पर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के आवास पर रुके जहा उनका समर्थको कार्यकत्ताओं दुवारा फूल मालाओ से स्वागत किया गया शकील नदवी जी नें जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का शुक्रिया अदा किया इस मौके पर साईम राजा डॉक्टर रहमान अखलाक पप्पू हाजी जावेद राईन कारी आबिद डॉक्टर इरफान मालिक महताबुद्दीन नासिर एडवोकेट तसलीम अहमद सुरेश विश्कर्मा महमूद कस्सार नदीम अहमद आदि काफी संख्या मे सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

### कलयुग के प्रत्यक्ष देव हैं गिरिराज गोवर्धन: आचार्य गोपाल भैया

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुरा/वृन्दावन।** वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत ठाकुर वंशीवट बिहारी गिरधारी लाल जू महाराज का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक श्रृंगार करके उन्हें 56 भोग निवेदित किए गए।साथ ही उनके सम्मुख संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य रससिद्ध वाणीकारों द्वारा रचित भोग के पदों का सुमधुर गायन किया गया। श्रीनाभाद्वाराचार्य श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की एक अलौकिक लीला है।जिसमें एक ओर तो वे गिरिराज गोवर्धन के रूप में स्वयं पूज्य बने और दूसरी ओर उन्होंने नंदनंदन के रूप में ब्रजवासियों के साथ गाते-बजाते हुए गिरिराज गोवर्धन की पूजा-अर्चना की।वस्तुतः यह लीला हमारी पुरातन संस्कृति में निहित अपने आराध्य के प्रति आस्था के अतिरिक्त माधुर्य व वैभव का भी प्रतीक है। संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी आचार्य विनय त्रिपाठी एवं भागवताचार्य गोपाल भैया महाराज ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन कलयुग के साक्षात व प्रत्यक्ष देवता हैं,जो कि ब्रजभूमि में पर्वत रूप में विराजकर सदैव ही ब्रजवासियों की रक्षा करते हैं।वे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के ही अवतार कहे जाते हैं।इनकी पूजा व आराधना करने से श्रीकृष्ण और राधा दोनों ही की कृपा व्यक्ति पर बरसती है ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं आचार्य मंगेश दुबे ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन का प्राकट्य गोलोक धाम में अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के वक्षस्थल से हुआ है।इसीलिए वे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के ही स्वरूप माने जाते हैं। महोत्सव में प्रख्यात भागवताचार्य मृदुल कांत शास्त्री, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री, सी.ए. सतीश गोस्वामी, प्रख्यात भजन गायक चंदन महाराज, डॉ. हरे कृष्ण शरद, डॉ. राधाकांत शर्मा, मुकेशमोहन शास्त्री, आचार्य बुद्धि प्रकाश शास्त्री, आचार्य जुगल तिवारी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बच्चो के सिर से बाप का साया उठ गया है वही पत्नी रीता का रो रो कर बुरा हाल

**मीडिया फॉर यू**
**बाराबंकी: अशरफ अली**

रविवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार चौहान पुत्र राम सजीवन खाना खाने के बाद करीब डेढ़ किमी0 की दूरी पर स्थित सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा स्थित खेत मे तैयार हुए धान की रखवाली करने गया था सोमवार की भोर रंजीत के बड़े भाई गुड्डू पत्नी के साथ धान की कटाई के लिए गये तो आम के पेड़ के नीचे पड़े रंजीत का शव देखकर चिल्लाने पर बांसा रामपुर मार्ग पर निकल रहे राहगीरों की भीड़ जुट गयी सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक



सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह ने घटना की जाँच करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के मुताबिक मृतक घर से करीब 7 बजे खेत के लिए निकला था तथा रात्रि का खाना साथ मे ले गया था कि रात्रि का खाना खेत मे ही खाएंगे मृतक का शव जिस स्थान पर पड़ा था उससे करीब 50 मीटर की दूरी पर खड़ी ठेलिया पर खाना बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतक की हत्या ठेलिया के ही निकट कर शव को पेड़ के नीचे डाल दिया है। मृतक के गले मे चोट के निशान दर्शा रहा था कि मृतक का गला घोट कर हत्या की गयी है। 7 वर्ष पूर्व मृतक रंजीत का विवाह देवा थाना क्षेत्र के ग्राम दफेपुरवा से हुआ था मृतक के तीन बच्चे 6 वर्षीय स्वाति 3 वर्षीय दिव्याशी एव 1 वर्ष के समर के सिर से बाप का साया उठ गया है वही पति की मृत्यु पर पत्नी रीता का रो रो कर बुरा हाल है घटना की जानकारी पर फारसेंसिक टीम के साथ पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से पूछताछ की तथा जल्द से जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे ही मौत के कारण का पता चलेगा।

## एसडीएम व सीओ ने नारनौर घाट पर लगने वाले गंगा स्नान मेले का जायजा लिया



**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम नानौर से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी विजय शंकर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी ने नारनौर घाट पर लगने वाले गंगा स्नान के मेले की तैयारी को लेकर गंगा घाट का निरीक्षण किया आयोजन समिति के नारनौर ग्राम प्रधान तेजपाल सिंह सैनी पूर्व प्रधान सतवीर सिंह प्रमुख व्यावसायी निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू अजय कुमार कौशिक रवि सैनी निरंजन सिंह यशपाल सिंह खेम सिंह आदि उपस्थित रहे दोनों अधिकारियों ने आयोजन समिति से वार्ता कर मेले की तैयारी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## गाजियाबाद जिला जज कांड को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

>> तहसील गोवर्धन में विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम बर्खास्त करने के लिए दिया ज्ञापन

**मथुरा:** जनपद मथुरा के अंतर्गत तहसील गोवर्धन में अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद कांड को लेकर विरोध प्रदर्शन प्रकट करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला जज को बर्खास्त करने के लिए अपर जिला अधिकारी विजय शंकर दुबे एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव को तारों के साथ सोपे ज्ञापन कार्रवाई की गई मांग आपको बताते चले कि बगत दोनों गाजियाबाद के जिला सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार द्वारा कोर्ट के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ में अभद्रता कर दी जिसको लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया जिला जज ने पुलिस को बुलाकर निर्दोष अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज कर घायल कर दिया इसी बात को लेकर अधिवक्ताओं में गाजियाबाद के साथ-साथ संपूर्ण उत्तर प्रदेश में आक्रोश की लहर दौड़ गई और समस्त प्रदेश में अधिवक्ता इस घटना के प्रति विरोध में खड़े हो गए राजस्व अधिवक्ता फोरम तहसील गोवर्धन के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर केशव आचार्य गोस्वामी युवराज कात्यायन पचौरी के नेतृत्व में तहसील के समस्त अधिवक्ता विरोध करते हुए रैली के साथ अपर जिला अधिकारी एवं उप जिला अधिकारी गोवर्धन को जिला जज अनिल कुमार को पद से बर्खास्त कर की मांग की गई कहा गया है कि जिला जज द्वारा यह कार्य बड़ा निंदनीय किया गया है ऐसे जिला जज को पद पर रहने का किसी प्रकार का कोई अधिकार नहीं है संपूर्ण उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं ने इस कांड के प्रति रोज व्याप्त कर जिला जज को शीघ्र बर्खास्त करने की मांग की गई है आगर जिला जज के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता सड़क पर कॉपर आ जाएंगे और अनिश्चितकाल के लिए न्यायालय में ताला लगा दिया जाएगा

प्रदेश के अधिवक्ताओं में हाईकोर्ट प्रशासन पर आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट प्रशासन बेस्ट जिला जजों को संरक्षण दे रहा है जो कि न्याय में बाधक है ऐसे जिला जजों को सीबीआई से जांच कर कर शीघ्र प्रकाश किया जावे और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जावे ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता डॉक्टर केशव आचार्य गोस्वामी युवराज कात्यायन पचौरी राहुल मोहन शर्मा मनीष मोहन शर्मा प्रहलाद शर्मा शशि बाबू कौशिक पूरनलाल तुलाराम वर्मा राजवीर सिंह लक्ष्मण सिंह गुर्जर अशोक सिंह सैनी प्रहलाद जोशी राधा शरण मानसिंह पीसी कौशिक महेश सत्यवीर सिंह सोलंकी भीम सिंह राहुल प्रेमचंद शर्मा मेघ श्याम गजेंद्र पालसुघड सिंह कन्हैया लाल सैकड़ो अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन प्रकट ज्ञापन सोपा कार्रवाई की मांग की गई अन्यथा की स्थिति में अधिवक्ता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे इसके लिए जिला न्यायालय गाजियाबाद जिला जज एवं हाई कोर्ट का उत्तरदायित्व होगा

## डीएपी खाद की समस्या को लेकर अराजनीतिक दल किसान यूनियन ने मथुरा डीएम कार्यालय का किया घेराव

### भूखहड़ताल पर बैठे किसान प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुरा:** सोमवार को सुबह 10:00 बजे राजनीतिक दल के किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेरा किया और कार्यालय के सामने भूकर लाल पर बैठ गए। किसानों ने कहा कि जनपद में हो रही डीएपी खाद की समस्या के समाधान की मांग को लेकर सैकड़ो किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया और किसान कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए जिला अध्यक्ष सोनवीर सिंह चौधरी ने बताया कि जब तक किसानों की समस्याएं पूरी नहीं होगी तब तक किसान यहां आंदोलन पर कार्यालय के सामने ही बैठा रहेगा और ज्ञापन नहीं दिया जाएगा क्योंकि जिलाधिकारी महोदय से पिछले दिनों पांच बार वार्ता हो चुकी है कि किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रहा है जिसके



कारण रवि की फैसले बर्बाद हो रही है आश्वासन के बाद भी किसान परेशान है मजबूरन किसानों को इकट्ठा होकर कार्यालय पर जाकर धरना देना पड़ रहा है साथ ही चेतावनी दी कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो किसान यहां धरने से नहीं हटेगा और भूख आंदोलन करेगा के संबंध में जानकारी देते हुए यह बताया

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय करने वाले 04 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार

**मीडिया फॉर यू ,देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार अहमद उस्मानी**

**उतरौला (बलरामपुर)!** 02.11.2024 को आवेदिका सरवरी बेगम द्वारा थाना कोतवाली उतरौला पर मु0अ0सं0 234/2024 धारा 419/420/467/468/471 भा0दं0वि0 पंजीकृत कराया गया जिसमे उल्लखित किया गया है कि विपक्षीगण द्वारा आवेदिका सरवरी बेगम पत्नी अहमदुल्ला निवासिनी ग्राम जाफराबाद थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर के लड़के जुबेर अहमद जो कि दिनांक



05.03.2024 को सऊदी अरब राष्ट्र रोजी रोटी हेतु गया है जिसके नाम से ग्राम मसीहाबाद तहसील उतरौला थाना रेहरा बाजार बलरामपुर में भूमि गाटा संख्या 653, 654, 655, 656, 657, 658, 659, 660, 662 है, को हड़पने की नीयत से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, धोखाधड़ी करके फर्जी बैनामा करा लिया है । जिसकी गहन विवेचना की गयी तथा दौराने विवेचना घटना में संलिप्त अभियुक्त 1. सकटराम पुत्र मायाराम निवासी पूरे तेंदुआ थाना धानेपुर जनपद गोण्डा व प्रकाश में आये अभियुक्तगण 2. अमरजीत पुत्र बरसाती निवासी राजघाट ककरा थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर 3. जुबेर खाँ पुत्र मुन्नू खाँ निवासी महुआढार थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर 4. राजकुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम रेंडवलिया थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को थाना को0 उतरौला पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है !

## चौधरी वीर सिंह ने बाइक वालों से हेलमेट लगाने के लिए कहा

**मीडिया फॉर यू**
**बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर सड़क सुरक्षा महा के अंतर्गत बागड़पुर मलेशिया रोड पर दो पहिया वाहनों के ड्राइवरो को बिना हेलमेट लगाए हुए को रोक कर हेलमेट लगाने के लिए व शराब पीकर ड्राइवरी ना करने के लिए व दो पहिया वाहन पर दो से ज्यादा सवारी ना बैठाए व 40 50 की स्पीड से ज्यादा दो पहिया वाहन ना चलाएं चार पहिया वाहन वाले सीट बेल्ट



लगाकर चले यह समझाने के बाद व विनती करने के बाद दो पहिया वाहन के चालको को माला पहनाकर वह फूल देकर सारे नियमों का पालन करने का अनुरोध किया समाज सेवी गुड सेमीरिटन शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि आज हमारे बिजनौर के अंदर रोज कई कई एक्सीडेंट से मौत हो रही है जिसमें 16 से 28 साल के लड़कों की मृत्यु ज्यादा हो रही है एक्सीडेंट के द्वारा उन्होंने विनती की कि अपनी सुरक्षा व अपने घर परिवार का ध्यान रखते हुए ड्राइविंग बहुत सतर्कता से करें उनके साथ रहे अवनीश शर्मा राजवीर सिंह बलवीर प्रजापति कलवा आदि उपस्थित रहे

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता